बुजुर्ग माता-पिता से पुश्तैनी जमीन... पृष्ठ 2 | राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कौशल... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


शनिवार, 06 जुलाई 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 264, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# गीली मिट्टी की तरह होते हैं बच्चे, जैसा आप बनाना चाहते हैं बना सकते हैं : मुख्यमंत्री

## चाक पर हाथ चला और दीया बनाकर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने दिया सन्देश बच्चों के हुनर और प्रस्तुति की सराहना की, राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में स्टॉल का किया अवलोकन

**रायपुर।** बच्चे तो मन के सच्चे होते हैं और यह बिल्कुल ही गीली मिट्टी की तरह होते हैं.. आप इन्हें जिस रूप में आकार देना चाहते हैं, दे सकते हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय कुम्हार की चाक पर हाथ चलाते हुए राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शायद यहीं संदेश दे रहे थे। जशपुर जिले में अपने गृहग्राम बगिया में मुख्यमंत्री श्री साय ने अपनी पत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय के साथ कार्यक्रम स्थल पर चाक पर न सिर्फ हाथ आजमाए...उन्होंने गीली मिट्टी से दीया बनाकर मौके पर उपस्थित बच्चों और अभिभावकों को अलग-अलग संदेश दिया कि गीली मिट्टी की तरह बच्चे भी कोमल होते हैं और उन्हें किसी भी रुप में ढाला जा सकता है। वहीं दीया बनाकर उन्होंने अँधेरे को दूर करने में दीये की उपयोगिता को बताने की भी कोशिश की।

इस दौरान बगिया में कार्यक्रम स्थल पर लगायें एक-एक स्टाल का मुख्यमंत्री श्री साय ने अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों द्वारा तैयार मॉडल,सामग्रियों को देखकर उनकी सराहना की और उन्हें प्रेरित भी किया। राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम स्थल पर अलग अलग विभागों की स्टाल लगाई गई थी। जिसमें स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों में वैज्ञानिक नवाचार को बढ़ावा देने मॉडल, स्वास्थ्य विभाग द्वारा डायरिया के





रोकथाम, आदिवासी विकास विभाग द्वारा एकलव्य आवासीय विद्यालय में अध्यापन और आदिवासी बच्चों को दी जाने वाली सुविधाएं, लाइवलीहुड कॉलेज नवगुरूकुल द्वारा आजीविका पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई। स्टाल में पीएमश्री प्राथमिक शाला लवाकेरा के विद्यार्थियों ने बैंड से देशभक्ति धुनों की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की। शासकीय कन्या आश्रम बगीचा, पीएमश्री विद्यालय कांसाबेल, पीएमश्री विद्यालय कडरेगा के बच्चों ने स्कूल में तैयार की गई मॉडल, वैज्ञानिक सोच और तार्किकता को बढ़ावा देने वाले मॉडल से मुख्यमंत्री का ध्यान अपनी ओर खींचा। छात्रा कु.अनामिका ,समिस्ता टोप्पो, दीपिका सिंह,दृष्टि साय, अनुष्का टोप्पो ने जादुई पिटारे सहित अन्य प्रस्तुत सामग्रियों के विषय में बताया।

शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पत्थलगांव के विद्यार्थियों ने हुनर के पेटी,खेल सामग्री ,जादुई पिटारा,बायो गैस मॉडल के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। शासकीय विद्यालय दोकड़ा द्वारा हेल्थकेयर सेजेस जशपुर के विद्यार्थियों द्वारा रोबोट के माध्यम से यातायात के दौरान दुर्घटना से बचाव,शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय जशपुर की श्रुति डहरे, सरस्वती और भूमिका डहरे ने थ्री डी प्रिंटर के माध्यम से कलात्मक प्रिंट तैयार करने, हाइट फाइंडर के माध्यम से ऊंचाई नापने की जानकारी दी। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल चराई डाँड़ के विद्यार्थियों ने ड्रिप सिंचाई, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गम्हरिया द्वारा मशरूम उत्पादन की जानकारी दी गई। स्टाल में बाँस कला, माटी कला अंतर्गत सामग्री की जानकारी भी दी गई। मुख्यमंत्री ने स्टाल में मिली जानकारी को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि बच्चों की यह प्रतिभा जीवन में आगे बढ़ने के काम आएगी।

# छत्तीसगढ़ में कुएं में 9 लोगों ने तोड़ा दम

## कटघोरा में सफाई के दौरान कुएं में गिरा पिता, बचाने के चक्कर में बेटी समेत चार की मौत, जांजगीर में भी 5 की गई जान

**कोरबा/जांजगीर.** छत्तीसगढ़ में एक ही दिन में कुएं में डूबने से 9 लोगों की मौत हुई है. जांजगीर-चांपा में 5 और कोरबा जिले में चार लोगों की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है. पुलिस के मुताबिक, दोनों घटना में कुएं से जहरीला गैस निकलने से लोगों की मौत हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक, जांजगीर के किकिरदा गांव में कुएं में गिरी लकड़ी को निकालने के फेर में शख्स कुएं में उतरा था, जो बाहर नहीं निकला, जिसे निकालने के फेर में कुएं में एक-एक कर उतरे चार लोग भी मौत के गाल में समा गए. वहीं कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम जुराली के डिपरापारा में कुएं की सफाई करते समय पिता कुएं में जा गिरा. नजर पड़ने पर बेटी बचाने उतरी वो भी बाहर नहीं निकला. दोनों को मरा हुआ देख अन्य दो लोग नीचे उतरे, चारों कुएं से बाहर नहीं निकल पाए. पुलिस के मुताबिक, कुएं से जहरीला गैस निकलने से 4 लोगों की मौत हुई है. कुएं में चार लोगों की मौत से गांव में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची. गांव में चार लोगों की मौत से कुएं के पास लोगों की भीड़ जुट गई है. कोरबा कलेक्टर, एसपी और कटघोरा विधायक भी मौके पर पहुंचे हैं. मरने वालों में शिवचरण पटेल, सपीना पटेल, मनबोध पटेल, जरूर पटेल शामिल हैं. बिलासपुर से एचडीएफसी टीम मौके पर पहुंची है. शव को कुएं से बाहर निकालने का काम जारी है.

### सीएम विष्णुदेव साय ने की मृतकों के परिजनों 5-5 लाख रुपये देने की घोषणा

जांजगीर-चांपा के बिर्रा थाना अंतर्गत किकिरदा गांव में कुएं में दम घुटने से पांच लोगों की मौत हो गई है. इस हादसे से गांव में मातम पसरा हुआ है. वहीं इस मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मृतक के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है. मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर इसकी जानकारी देते हुए कहा है कि जांजगीर के ग्राम किकिरदा में कुंए की जहरीली गैस की चपेट में आने से 5 लोगों की दु:खद मौत की सूचना मिली थी. इस घटना में मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने की घोषणा करता हूं. मुख्यमंत्री साय ने लिखा है कि हमारी सरकार पीड़ित परिजनों के हर संभव मदद के लिए तत्पर है. हादसे में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं. गौरतलब है कि जांजगीर जिला स्थित बिर्रा क्षेत्र के किकिरदा गांव में एक पुराना कुआं है. जिसे काफी समय से उपयोग में नहीं लाया जा रहा था. गांव के ही लोगों ने पुरानी लकड़ियों का छप्पर बनाकर कुएं को ढंक दिया था. बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में बारिश और तेज हवा चलने के कारण कुएं के ऊपर बना लकड़ी का छप्पर कुएं के अंदर गिर गया था. जिसे निकालने गांव का एक आदमी कुएं के अंदर गया, जो काफी देर तक वापस नहीं आया. इसके बाद एक-एक कर 4 लोग और कुएं में उतरे और वापस बाहर नहीं आ सके. आशंका जताई जा रही है कि काफी दिनों से बंद रहने के कारण कुएं में जहरीली गैस निकलने लगी है, जिसकी चपेट में आने से 5 लोगों की मौत हो गई.




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिले के सांसद श्री संतोष पाण्डेय जी को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा के पदाधिकारीगण।**

# पुरी की तर्ज पर शहर में रथ यात्रा

## प्रभात नगर लालबाग जगन्नाथ समिति द्वारा रथ यात्रा का भव्य आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आगामी 07 जुलाई को महाप्रभु जगन्नाथ का रथयात्रा का भव्य आयोजन श्री जगन्नाथ समिति प्रभातनगर लालबाग द्वारा पराम्परागत रूप से प्रतिवर्श की भांति मनाया जा रहा है। इस बार रथयात्रा उडिसा पुरी की तर्ज पर परम्परिक रूप से उड़िया मां मैलोडी नृत्य आकर्शण का केन्द्र रहेगा। 07 जुलाई दिन रविवार को सुबह 8.00 बजे कार्यक्रम हवन पूजन के साथ आरंभ होगा एवं दोपहर 12.00 से भगवान जगन्नाथ जी की आरती तथा पारम्परिक रिति-रिवाज के साथ प्रभातनगर लालबाग स्थित मंदिर से रथयात्रा निकलेगी जोकि षहर के गुरूद्वारा चैक से समस्त संस्कारधानी धर्मप्रेमी जनों के साथ नगर भ्रमण पर भगवान जगन्नाथ आम जनता (श्रद्धालू) को दर्षन एवं आषीर्वाद देने के लिए निकलेंगे। इस यात्रा को सफल बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष सतीष सोनी, उपाध्यक्ष रोषन पत्रे, सचिव विकास सागर, कोशाध्यक्ष आकेष पांडिया, मीडिया प्रभारी सुधीर पांडिया, लेखापात्र हरीष सोनवानी, सलाहकार धनेष बघेल, संरक्षक नितेष नायक, गोलू नायक, संदीप सोनी, लक्ष्मण भारती, सुनील सोनी एवं अन्य सेवकगण दिन रात जुटे हुए है। विषेश कर महिला सेवाधारियों द्वारा श्रद्धापूर्वक कार्य सेवा मे लगे हुए है। इस कार्यक्रम मे विषेश रूप से श्री षनिदेव धाम परिवार, श्री बागेष्वर धाम, पूज्य राजपूत समाज, पूज्य पेटी ग्रुप, पूज्य सिंधी समाज, पूज्य सिख समाज, पूज्य यादव समाज, पूज्य साहू समाज, पूज्य कसोन्धन वैष्य समाज, समस्त सनातनी परिवार तथा सर्वसमाज द्वारा सहयोग प्राप्त हो रहा है। आयोजन समिति द्वारा निवेदन किया जाता है, कि, समस्त धर्मप्रेमी बंधु इस यात्रा मे षामिल होकर भगवान जगन्नाथ का आषीर्वाद प्राप्त कर पूण्य लाभ लेवे। यह जानकारी राकेष ठाकुर अधिवक्ता द्वारा दी गई।

# कलेक्टर ने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि शिक्षकों पर भावी पीड़ी तैयार करने की बड़ी जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी को शिक्षक बखूबी निभाएं। विद्यार्थी को किसी विषय के बारे में जानने के लिए जिज्ञासु बनाएं, इसके लिए उनके विहिवेयर चेंज के लिए एक अच्छा महौल तैयार करें। इससे बच्चों में सीखने की प्रवृत्ति बढ़ेगी और विद्यालय आने के लिए उत्साहित रहेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह, बीईओ, बीआरसी, संकुल समन्वयक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक विद्यालय में सकारात्मक वातावरण बनाएं और बच्चों में सकारात्मक नजरिया अपनाने के लिए प्रेरित भी करें।



बच्चे विद्यालय में काफी समय रहते हैं और इस बीच उन्हें अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बच्चों में अनुशासन लाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समय के पाबंद रहें और बच्चों में भी समय पर विद्यालय पहुंचने और टाईम मैनेजमेंट करना सीखाएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में भू-जल का अधिक दोहन हो रहा है, जिसके फलस्वरूप भू-जल स्तर नीचे गिरा है। भू-जल स्तर को बढ़ावा देने तथा बच्चों में जल संरक्षण और जल संचय की प्रवृत्ति को भी बढ़ावा दें। इसके अलावा छात्रों को पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के बारे में बताएं और उनके कार्यों के लिए प्रोत्साहित भी करें। शालेय परिसर की साफ-सफाई, स्वच्छता के साथ व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में भी समझाईश दें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में निर्धारित पाठ्यक्रमों के अध्यापन के अलावा पाठ्येत्तर गतिविधियां भी कराएं। सप्ताह में शनिवार के दिन बच्चों के लिए पाठ्येत्तर गतिविधियां कराई जा सकती हैं। उनमें वाक् क्षमता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाना चाहिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कक्षा 11वीं एवं कक्षा 12वीं के विद्यार्थी इस कार्य को बेहतर ढंग से कर सकते हैं, इसके लिए बच्चों को तैयार करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए असाक्षरों का चिन्हांकन करने के बाद उन्हें पढ़ाने के लिए छात्रों को प्रशिक्षित करना होगा। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविविधयों की समीक्षा की।

# कैसे रुकेगा हादसा : वाहनों की फिटनेस टेस्ट की जिम्मेदारी गैर तकनीकी निरीक्षकों के हाथों में

### तकनीकी परिवहन निरीक्षकों को चेकपोस्ट और फ्लाइंग में लगाया

### वाहनों की फिटनेस जांच में झोल

**उत्तम पांडेय**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों ने सरकार के माथे में चिंता की लकीरें खींच दी है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। दुर्घटनाएं होने का मुख्य कारण वाहनों की फिटनेस टेस्ट सहीं तरीके से नहीं होना है। परिवहन कार्यालयों में, आटोमेटेड फिटनेस सेंटरों में तकनीकी परिवहन निरीक्षकों की कमी महसूस की जा रही है। जो तकनीकी निरीक्षक हैं, वे लेनदेन कर चेक पोस्ट और फ्लाइंग में अपनी सीट सुनिश्चित कर ली है। इसके चलते वाहनों की फिटनेस जांच सही तरीके से नहीं हो पा रही है। परिवहन कार्यालयों और आटोमेटेड फिटनेस सेंटरों में वाहनों की फिटनेस टेस्ट की जिम्मेदारी गैर तकनीकी निरीक्षकों के हाथों में हैं। जिसके चलते दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। इसके जानकारी विभागीय अधिकारियों को भी हैं,लेकिन इस संबंध में विभागीय अधिकारियों के हाथ भी बंधे हुए नजर आ रहे हैं। क्योंकि तकनीकी परिवहन निरीक्षकों ने चेकपोस्टों व फ्लाइंग में अपनी पोस्टिंग करा ली है।

**पोस्टिंग में लेनदेन, चेक पोस्टों में कुंडली मार बैठे**

छत्तीसगढ़ में कुल 17 चेक पोस्ट हैं, जहां तकनीकी परिवहन निरीक्षक कुंडली मारकर बैठे हुए हैं। प्रदेश में कुल 35 तकनीकी परिवहन निरीक्षक हैं, जिसमें 20 निरीक्षक चेक पोस्ट और फ्लाइंग में कार्यरत हैं। चेक पोस्टों में पोस्टिंग में लंबा लेने देन चला है।



तकनीकी निरीक्षकों को परिवहन कार्यालयों के बजाय चेक पोस्टों और फ्लाइंग में भेजने के बाद विभाग पर कई सवाल उठ रहे हैं। लेकिन विभागीय अधिकारी इस संबंध में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

**वाहनों की औपचारिक जांच**

प्रदेश के परिवहन कार्यालयों में वाहनों की जांच में केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। क्योंकि वाहनों की फिटनेस जांच की जिम्मेदारी गैर तकनीकी निरीक्षकों ने संभाल रखी है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रीय-जिला परिवहन कार्यालयों मे वाहनों की फिटनेस, पंजीयन से पूर्व वाहन का परीक्षण और ड्राइविंग लाइसेंस देने से पूर्व टेस्टिंग के लिए तकनीकी योग्यता वाले निरीक्षकों की आवश्यकता होती है। बीते कई वर्षों से नियुक्त परिवहन निरीक्षकों-उपनिरीक्षकों(तकनीकी) की भर्ती के पश्चात उनकी पदस्थापना परिवहन चेकपोस्ट और उड़नदस्ता में करने के कारण परिवहन कार्यालयों में वाहनों की फिटनेस जांच प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई है।

**परिवहन अधिकारियों का क्या है कहना**

इस मामले में जब हमारे संवाददाता ने परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर से बातचीत की तो उनका कहना है कि वाहनों के फिटनेस के लिए शासन ने कंपनी से अनुबंध किया है जिसके कारण तकनीकी निरीक्षक/उपनिरीक्षकों को अन्य कार्यों मेंसंलग्न किया गया।

nandgaon times julai-06-01.qxd 7/5/2024 11:59 PM Page 2



# बुजुर्ग माता-पिता से पुश्तैनी जमीन में हिस्सा माता-पिता के मृत्यु के बाद ही मिल सकता है - डॉ. किरणमयी नायक

## जमीन संबंधी प्रकरण में आयोग की टीम करेगी मौका निरीक्षण, पुलिस द्वारा रिपोर्ट नहीं लिखने पर आवेदिका को न्यायालय में परिवाद पत्र दर्ज कराने का दिया गया निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोग को प्राप्त महिला उत्पीडऩ से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा राजनांदगांव जिला की 256वीं सुनवाई हुई एवं जिला स्तर में 7वीं सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका अपने माता-पिता से संपत्ति का बंटवारा मांग रही थी, अनावेदक के पास उनके जीवन यापन के लिए एक डेढ़ एकड़ जमीन है और दोनों बेटे घर से अलग रहते हैं। आवेदिका के नाना ने अपनी एक एकड़ जमीन आवेदिका के माँ को दिया था। इस छोटी सी जमीन के अलावा अनावेदक और उसकी पत्नी के पास और कोई जमीन नहीं है और दोनों बुजुर्ग है। ऐसी दशा में उनके जीवन काल में पुश्तैनी संपत्ति का बंटवारा वह यदि अपने स्वेच्छा से अपने जीवनकाल में देना चाहे तभी आवेदिका को संपत्ति में हिस्सा मिल सकता है। अन्यथा उसे दिवानी न्यायालय में हिस्सा बंटवारा के लिए कानूनी कार्रवाही करनी होगी। इस निर्देश के साथ आयोग ने प्रकरण नस्तीबद्ध किया।

एक अन्य प्रकरण में आवेदिका के मकान 1200 वर्गफीट का निर्माण करने हेतु एक लिखित अनुबंध दोनों पक्षों के बीच हुआ था। जिसमें आवेदिका के द्वारा लगभग 6 लाख रूपए अनावेदक को दिया गया है। जिसमें अनावेदक ने स्वीकार किया है, उसका कहना है कि आवेदिका 2300 वर्गफीट में निर्माण करा रहा है और खर्चा ज्यादा हो रहा है। इस मुद्दे पर निराकरण स्थल निरीक्षण किए जाने के बिना संभव नहीं है। दोनों पक्षों को समझाईश दिया गयाकि निरीक्षण कर मौके की जांच करेंगे। इस बाबत विद्या मिश्रा संरक्षण अधिकारी राजनांदगांव को नियुक्त किया गया है, वह किसी जूनियर इंजीनियर या अनुभवी को अपने साथ ले जाकर आयोग के निर्देश का पालन करने व अपनी रिपोर्ट एक माह में प्रस्तुत करें।

एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि अनावेदकगण के खिलाफ थाना बसंतपुर में शिकायत किया गया था। वहीं अनावदेकगणों द्वारा आवेदिका के पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया है, जिसके कारण आवेदिका ने यह शिकायत दर्ज करायी है। यह अनावेदकगण का कहना है। अर्थात् दोनों पक्ष में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। इसलिए



आयोग ने सुनवाई किये जाने के पूर्व एसपी राजनांदगांव से पुलिस प्रतिवेदन मंगाना आवश्यक है, प्रतिवेदन के पश्चात प्रकरण नस्तीबद्ध किया जायेगा।

एक अन्य प्रकरण में दोनों पक्षों द्वारा न्यायालय में मुकदमा दर्ज किया गया है। अनावेदक ने बताया कि उसके पूर्व पत्नी के दो बच्चे है तथा आवेदिका का अनावेदक से एक पुत्र है। अनावेदक ने बताया कि 70 हजार रूपए मासिक वेतन मिलता हैं और यह भी स्वीकार किया कि न्यायालय से 1500 रूपए का भरण पोषण दिए जाने का तय हुआ है। आवेदिका को केवल 1 माह का भरण पोषण मिला है। आवेदिका को समझाईश दिया गया कि वह अनावेदक के कार्यालय में जाकर एक आवेदन प्रस्तुत करे और अनावेदक के सर्विस रिकार्ड में अपने बच्चे का नाम दर्ज कराए तथा कुटुम्ब न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत करें और अनावेदक के वेतन से लगभग 30 हजार रूपए मासिक भरण पोषण की पात्रता बनती है, वह सीधे उसे बैंक खाते में मिलने की मांग करें। इस समझाईश के साथ आयोग द्वारा प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। एक अन्य प्रकरण में उच्च अधिकारी द्वारा बताया कि आवेदिका तथा अन्य श्रमिकों की अनावेदक की शिकायत थी, जांच में दोषी पाये जाने पर उसे निलंबित किया गया है। विभागीय जांच भी प्रकियाधीन है। ऐसी स्थिति आवेदिका भी प्रकरण समाप्त कराना चाहती है। आयोग द्वारा प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि समाजिक बहिष्कार की शिकायत की आड़ में आवेदिका को आंगनबाड़ी के प्रभार से बदला गया है। आवेदिका न्यायालय में जाना चाहती है। आयोग द्वारा प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

एक अन्य प्रकरण में आवेदिका के पति और अनावेदकगण के मध्य पूर्व में कई वाद-विवाद है, जिसमें अपराधिक होने के कारण आवेदिका द्वारा आयोग में शिकायत दर्ज करायी गयी है। अनावेदक की ओर से 2 पुलिस में 1 रेलवे में शासकीय नौकरी में है और प्रकरण आपसी रंजिस का प्रतीत होता है। आवेदिका द्वारा पुलिस से लगातार शिकायत दर्ज कराने के बाद भी शिकायत दर्ज नहीं किया गया। जिसके कारण उसे समझाईश दी गयी कि न्यायालय में परिवाद पत्र दाखिल कराये। इस निर्देश के साथ आयोग ने प्रकरण नस्तीबद्ध किया। एक अन्य प्रकरण में अनावेदिका ने बताया कि अतिथि व्याख्याता के लिए मातृत्व अवकाश का प्रावधान नहीं है। इस कारण आवेदिका ने उच्च न्यायालय में प्रकरण भी प्रस्तुत किया था, वह भी अब तक निराकृत हो गया है। आयोग द्वारा प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया की उसके पिता की मृत्यु 40 वर्ष पहले हो चुकी है। आवेदिका ने बताया कि अनावेदक उसके सौतेले भाई हैं और सौतेले भाई ने उसके पिता की सारी संपत्ति हड़प लिए है। इस कारण आयोग में निर्देश दिए कि संपत्ति का बंटवारा न्यायालय द्वारा किया जायेगा। आयोग द्वारा प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। एक अन्य प्रकरण में अनावेदक जानबूझकर अनुपस्थित है। आयोग द्वारा एसपी राजनांदगांव को कड़ा पत्र भेजा जाए कि थाना प्रभारी सीटी कोतवाली को कारण बताओ नोटिस जारी करें तथा अनावेदक को आगामी सुनवाई में उपस्थित रखें। थाना प्रभारी के खिलाफ शो कॉज नोटिस भेजा जाये कि अनावेदक को आगामी सुनवाई में आवश्यक रूप से उपस्थित रखे। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पत्रकारिता में बनाये अपना कैरियर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव में बी.ए.जे.एम.सी.(बैचलर ऑफ आर्टस जर्नलिज्म एंड मॉस कम्यूनिकेशन) का त्रिवर्षीय स्नातक (ग्रेज्युएशन) पाठ्यक्रम (कोर्स) संचालित है। राजनांदगांव, के सी.जी., चैकी मानपुर, मोहला सभी जिलो में एकमात्र महाविद्यालय हे जहाँ पर यह पाठ्यक्रम संचालित है। सामान्यत: महाविद्यालयीन शिक्षा की बात आती है तो विद्यार्थी बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम पाठ्यक्रम ही जानते हैं, परन्तु ठ।श्रडब् के संबंध में जानकारी के अभाव में विद्यार्थी प्रायवेट युनिर्वसिटी या कॉलेज में जाते हैं, जहाँ फीस अधिक होती है। दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों में 03 से 04 लाख खर्च करना पड़ता है, तो अन्य प्राइवेट संस्थानों में एक से डेढ़ लाख खर्च कर इस डिग्री को प्राप्त करते हैं। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव में ठ।श्रडब् की डिग्री कम शुल्क के साथ हो जाता है। इस डिग्री को प्राप्त कर आप स्वतंत्र पत्रकार, न्यूज एंकर, आर.जे., स्क्रिप्ट लेखक, संपादक, दैनिक, साप्ताहिक, मासिक समाचार पत्रों में रिपोटर, टी.वी. में न्यूज चैनलों में अवसर, एडिटिंग कार्य, सभी प्रतियोगी परीक्षा फाईट कर अपना भविष्य संवार सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर ने बताया कि ठ।श्रडब् पाठ्यक्रम में मात्र 50 सीट है, पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर यह सीट आबंटित हो जाती है। इसमें आटर्स, साईंस, कामर्स किसी भी संकाय से 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थीगण प्रवेश ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय का विजिट कर सकते हैं।

## उमरवाही में अवैध शराब बेचने वाले कोचिया पकड़ाया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है 4 जुलाई को थाना डोंगरगांव पुलिस टीम गठित कर ग्राम उमरवाही जंगल के बिजली केंप के0वी0 33 के पास रोड किनारे के पास घेराबंदी कर रेडकार्यवाही किया गया , आरोपी भुपेन्द्र कुमार सिन्हा पिता मुलचंद सिन्हा दिवानभेड़ी , को रंगे हाथो शराब बिक्री करते हुए 25 नग देशी शराब के साथ पकड़ा गया है आरोपी के खिलाफअपराध धारा-34(1)(ख) आबकारी एक्ट अपराध कायम कर कार्यवाही की गई ज्ञात हो कि ग्राम उमर वाही में लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री की जा रही थी जिनकी शिकायत दर्ज होने के बाद उक्त आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गई है।



**शुभांक**

4-5-8

489-1 445-3

**भाग्यांक**

359-7 369-8

## सी.ए. एवं डॉक्टरर्स डे पर लायंस क्लब सिटी राजनांदगांव सम्मान समारोह का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी,अहिंसा परमो धमर्ः 2024-2025 के लायन एम.जे. एफ सुधीर जैन के नेतृत्व में प्रकल्पनुसार लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी 066 386 द्वारा अध्यक्ष लायन तरनदीप सिंग अरोरा की अध्यक्षता में सी.ए.डे एवं डॉक्टरर्स डे का आयोजन, मुख्य अतिथि पद्मश्री हास्य कवि एवं आयुर्वेदाचार्य डॉ.सुरेंद्र जी दुबे एवं की काव्य प्रस्तुति के साथ रजवाड़ा पैलेस होटल राजनांदगांव में कार्यक्रम संपन्न हुआ उत्साह के साथ विशिष्ट अतिथि लायन एम जे एफ बृज किशोर सुरजन, लायन राजेश जैन सी. ए.,लायन पवन पटेल (मोटिवेशनल स्पीकर)एवं लायन परिवार के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के उद्घोषक लायन गौतम जी बाफना सफल संचालन एवं संयोजक लायन सुनील जी बरडिया के उत्कृष्ट संयोजन सराहनीय रहा। स्वास्थ्य सेवाओं को समर्पित समस्त चिकित्सा निकाय के चिकित्सकों एवं अर्थव्यवस्था में उल्लेखनिय सहभागिता हेतु विशिष्ट चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान करते हुए कार्यक्रम के आशीर्वादक लायन पूर्व गवर्नर पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना के मार्गदर्शन में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी गौरवान्वित हुए।

**नगर के सम्मानित चिकित्सक**

डॉ. नंदा डीन आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, डॉ. गहिने डीन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, डॉ.नवरतन जिला चिकित्सा अधिकारी, डॉ.पदमा पारख,डॉ.मोहन पारख नर्सिंग होम, डॉ.चंद्रशेखर महोबे पूर्व सिविल



सर्जन,डॉ.उत्तम कोठारी, डॉ नरेंद्र गांधी, , डॉ.माधुरी तेजवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ एम्स रायपुर,डॉ.अरुण दीक्षित, डॉ. रोमिल जैन समदा हॉस्पिटल,डॉ. जाहिद खान, डॉ.कल्याण श्याम बाझलवार, डॉ राघव वर्मा संजीवनी हॉस्पिटल, डॉ. अमित जायसवाल ओम मल्टी स्पेशलिटी क्लिनिक, डॉ रत्नेश श्रीवास्तव प्रिंसिपल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज रायपुर,डॉ. रिमशा अग्रवाल,डॉ.सार्थक बाफना, लायन डॉ दीपिका पटेल फिजियोथैरेपिस्ट, लायन डॉ.गिरीश श्रीवास्तव श्री क्लिनिक तुमडीबोड को सम्मानित किया गया द्य सनद लेखाकार दिवस (सी.ए.डे) के अवसर पर सत्कार कार्यक्रम में शहर के सी.ए.लायन सुरेश गांधी,सी.ए लायन राजेश जैन,सी.ए.लायन अजय सिंगी सी.ए.यज्ञऐश सुरजन,सी.ए.रितेश कोटरिया,सी.ए.लायन रणदीप भाटिया,सी.ए. सुमित चौरसिया को स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल भेंट पर सम्मानित किया गयाद्य इस आयोजन में विशेष उपस्थिति लायन राजेश जैन रीजन चेयर अधिकारी, लायंस क्लब के माननीय सदस्य लायन उमेद कोठारी,लायन संतोष लोहिया, लायन एम.जे.एफराजकिशोर शर्मा, ला.मीनू जैन, ला.रत्ना ओस्तवाल, ला.निर्मला- सुशील पसारी, लायन अशोक चौधरी, लायन विनोद डढढा, ला.धीरेंद्र रायचा, लायन गुरदीप सिंग बग्गा, लायन अजय लोहिया, ला.नंद कुमार अग्रवाल, लायन श्यामचरण, लायन कंचन - मुकेश चौबे, ला.शारदा तिवारी, ला.प्रकाश सांखला, डायरेक्टर ला.राजा मखीजा, ला.राजेश नागवानी, ला.संजय रिझवानी, लायन नेहा गुप्ता ला.प्रकाश श्रीमाल, ला.शोभा चौरसिया, ला.अशोक जी पवार, ला.मयंक शर्मा, ला.अजय सिंह ला.अनिल दुलानी, ला.अशोक तेजवानी, ला.अनीता जैन, ला.सुदामा मोटलानी, लायंस क्लब नए सदस्य लायन त्रिलोक सिंह रंगरेज पेंट्स, लायन हिमांशु गौतम की गरिमापूर्ण उपस्थिति, सहभागिता शानदार कार्यक्रम के साक्षी रहे। सचिव लायन डॉ. गिरीश श्रीवास्तव द्वारा जय हिंदजय लायन वाद, उद्घोषणा के साथ सम्माननीय अतिथियों की गौरवशाली उपस्थिति,टीमवर्क लिए लायन सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव में तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सीबीमहाविद्यालय डोंगरगांव में वित्तीय साक्षरता विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, यह कार्यक्रम आई. आई. टी. भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी भारत सरकार तथा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में तथा शासकीय डॉ.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव के सह-संयोजन में प्राचार्य डॉ. बी. एन. मेश्राम के निर्देशन एवं एन. सी. सी. प्रभारी प्रो. गणेश कुमार नेताम के मार्गदर्शन तथा रा. से.यो. प्रभारी(बालक )डॉ.आशा राम साहू. रा.से.यो. प्रभारी (बालिका) प्रियांकी गजभिये, मन्नूलाल नायक(वनस्पत्ति शास्त्र),गौतम कुमार नेताम(ग्रंथपाल) आदि के सहयोग से 4 जुलाई को शुभारंभ हुई, कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा- अर्चना और प्राचार्य के स्वागत भाषण से हुआ,जिसके अंतर्गत उन्होंने इस कार्यशाला की उपयोगिता एवं इसकी महत्ता पर अपनी बातें रखीं तथा इस कार्यशाला में महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए सभी सदस्यों को बधाई दी, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ..मेश्राम ने की वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उपेंद्र शाह थाना प्रभारी डोंगरगांव रहे जो प्रथम सत्र के प्रमुख वक्ता भी रहे, जिन्होंने साइबर सुरक्षा कानून, फेसबुक एवं अन्य अंजान लिंकों के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी के बारे में बड़ी विस्तार से जानकारी दी साथ ही साथ 2023 में जुड़े नए कानूनी धाराओं पर भी प्रकाश डाला, कार्यक्रम का द्वितीय सत्र 3:30 बजे प्रारंभ हुआ इस सत्र में डॉ. सुनील कुमार कुमेटी सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर अपनी बातें की इस कार्यशाला से होने वाले लाभ एवं इनके उद्देश्य पर बड़ी बारीकी से प्रकाश डाला, इस कार्यक्रम में प्रशासनिक सहायक दीपक साहू पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, इस सत्र के प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ.ए.के.धमगाये सहायक



प्राध्यापक वाणिज्य विभाग महाविद्यालय डोंगरगांव उपस्थित रहे, जिन्होंने वित्तीय साक्षरता की आवश्यकताओं एवं सिद्धांतों पर गंभीरता से चर्चा की, बैंकों में होने वाली असुविधा उसके निवारण एवं आय एवं बचत का निर्धारण किस प्रकार से किया जाए, निवेश करते समय किन-किन बातों पर ध्यान रखना चाहिए आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक अपनी बातें रखीं जो छात्रहित में काफी लाभकारी रहा, महाविद्यालय परिवार से सहायक प्राध्यापक डॉ.चेतन साहू, रेणुका ठाकुर, चंचल स्टेला कुजूर भी उपस्थित रहे, महाविद्यालय के लगभग 60 छात्र- छात्राओं ने बड़ी उमंग के साथ इस तीन दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिवस में अपनीप्रतिभागिता की और इस कार्यशाला की महत्ता को समझा गया।

**न्यायालय तहसीलदार कुमरदा के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202406092000036/**

**विषय:- अ-6. मामले की श्रेणी:- राजस्व**

**सनः- 2023-2024**

**उचईपुर (प ह न. 00024)**

**पक्षकारों का विवरण -** आवेदक पक्षकार- जयंतीबाई, संतुराम, सनतकुमार, पिंकी, ममता, पुनमकुमार, अनीता बाई, रेखाबाई, सुशीला, लीलाधर, अंजु, अनिका, मोनिका, अक्तिन, रामचंद, रामदास, हरीचंद, अमृतबाई, अमितबाई, बीकाबाई, बीदोबाई,, अजबु, जगदीश, अश्वन बाई, अहिल्याबाई, जगोतिन, राजकुंवर, हीरोबाई रामसाय, भगवानसाय, रुपुराम, लालसाय, बंसतीन, भगवंतीन, रुपोतीन, लीलाबाई, टीकाबाई, अजय कुमार, रानी, मीनाक्षी,
**अनावेदक पक्षकार -** अश्वनबाई, ना. बा. अजय, भगवंतीन, रामचंद, सनतराम, अहिलाबाई ना. बा. मीनाक्षी, भगवानसाय, रामदास, सुशीला, कांताबाई, ना. बा. रानी, मंगोतीनबाई, रामसाय, हरिलाबाई अकतीनबाई, जगदीश, पुनमकुमार, ममता, लालसाय, हरीचंद, अजबू, जगोतीन, पिंकी, रेखाबाई, लीलाबाई हीरोबाई, अनीता बाई, जगोतीन, बंसतीन, रूपूराम, शांतीबाई, अमृतबाई, जयंतीबाई, बीकाबाई, रूपोतीन सुखमा, अमितबाई, टीकाबाई, बीदोबाई, राजकुंवर, संतुराम,

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अक्तिन पिता देवीलाल जाति गोंड कृषक ग्राम उचाईपुर तहसील कुमरदा के द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम उचईपुर प.ह.नं. 24 तहसील कुमरदा स्थित कृषि भूमि में दर्ज खसरा नं 34, 73, 80, 85, 98, रकबा क्रमशः 0.348, 0.741, 0.113, 0.202, 2.845, हे. कुल ख0न0 05 कुल रकबा 4.249हे. जगोतीन पति देवीसिंग के शामिलात नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। आवेदिका के माता जगोतीन पति देवीसिंग की दिनांक 27/11/2021 को एवं सहखातेदार रामसाय पिता श्यामसिंग, अमितबाई पिता मानसिंग, अमृतबाई पिता मानसिंग की दिनांक 17/12/2020, बीकाबाई पिता मानसिंग की दिनांक 05/04/2012, शांन्तीबाई पिता देवीसिंग का दिनांक 09/12/2022, कांताबाई पिता देवीसिंग, की दिनांक 15/05/2021 की मृत्यु होने के फलस्वरूप उनका नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसों के नाम पर नामांतरण किए जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ बी.1 व मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12/07/2024 के पूर्व स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/06/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**कुमरदा**

## राजस्व पखवाड़ा शिविर 6 से 20 जुलाई तक

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु साय के मंशानुरूप मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले में आगामी 6 जुलाई से शनिवार से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा में मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले में सभी 5 तहसीलों अंतर्गत पटवारी हल्के एवं उनके अधीन आने वाले 185 ग्राम पंचायतों एवं पटवारी हल्का मुख्यालय में राजस्व शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें तहसील मुख्यालय भी शामिल है। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देश पर जिले के सभी तहसीलों के अंतर्गत राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत राजस्व शिविर के लिए 185 ग्राम पंचायत का चिनांकन कर लिया गया है। उन्होंने जिले में सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों से लाभान्वित ग्रामों के किसानों को राजस्व शिविर की जानकारी देने और संबंधित कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के भी निर्देश दिए हैं। शिविर में समस्त राजस्व से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को अपने क्षेत्र में आयोजित राजस्व शिविर का अवलोकन करने एवं प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। तहसीलवार राजस्व पखवाड़ा की जानकारी इस प्रकार हैं। तहसील मोहला के अतंर्गत 6 जुलाई से 20 जुलाई 2024 तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। जिसके तहत 6 जुलाई को ग्राम पंचायत पाटनखास, डुमरटोला, 7 जुलाई को वासड़ी, कोड़ेमरा, 8 जुलाई को मार्री, दनगढ़, 9 जुलाई को भोजटोला, सोमटोला, 10 जुलाई को सांगली, बोगाटोला, 11 जुलाई को कुंजामटोला, तेलीटोला, 15 जुलाई को मोहला, 16 जुलाई को पेंदाकोड़ो, चापाटोला, 17 जुलाई को माडिंग पिडिंग भुर्सा, घावड़ेटोला, 18 जुलाई को देवरसुर, मोहभट्टा, 19 जुलाई को रेंगाकठेरा, कुंम्हली, 20 जुलाई को शेरपार में राजस्व शिविर लगाया जायेगा। इसी प्रकार अं.चौकी तहसील के अंतर्गत आने वाले पटवारी हल्का मुख्यालय के ग्राम पंचायत भवन में 6 जुलाई 30 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। जिसके तहत 6 जुलाई को कुसुमकसा, बिहरीकला, 8 जुलाई को ओटेबांधा, परसाटोला, 9 जुलाई को कोरचाटोला, कुदुरघोड़ा, 10 जुलाई को मुड़पार, भर्रीटोला, 11 जुलाई को विचारपुर, कौड़ीकसा, 12 जुलाई को चिल्हाटी, अरजकुंड, 15 जुलाई को मोंगरा, तारमटोला, 16 जुलाई को डोंगरगांव, बागनारा, 17 जुलाई को पेंदाकोड़ों, चापाटोला, 18 जुलाई को रेंगाकठेरा, पांगरी, 19 जुलाई को सिंघाभेंडी, हितागुटा, 22 जुलाई को आमटोला, आटरा, 23 जुलाई को जोराताराई, करमतरा, 26 जुलाई को तिरपेमेटा, बांधाबाजार, 29 जुलाई को सांगली, अं.चौकी 30 जुलाई को केकतीटोला में राजस्व शिविर लगाया जायेगा।

**न्यायालय तहसीलदार मोहला, जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी राजनांदगांव के ज्ञापन कमांक / 1306/ स्था0/2022 राजनांदगांव दिनांक 06.10.2022 के अनुसार नवगठित जिला मोहला मानपुर अं.चौकी में नगर सेना, अग्निशमन आपातकालीन सेवायें हेतु कार्यालय भवन एवं होमगार्ड लाईन हेतु ग्राम माड़िग पिड़िग धेनु प.ह.नं. 10 स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 279 रकबा 1.240 हे. भूमि को चिन्हांकित किया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय तहसीलदार मोहला के न्यायालय में दिनांक 15/07/2024 को कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकतें है। पश्चात् दावा-आपत्ति पर कोई विचार / सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 18/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

जी- 242500854/1

**तहसीलदार**
**मोहला**

**न्यायालय तहसीलदार कुमरदा के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202407092000003/**

विषयः- अ-6. मामले की श्रेणीः- राजस्व

सनः- 2023-2024

चिखलाकसा (प ह न. 00024),

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- श्यामसिंग, हीरोबाई, टिकाबाई, हरिला, जगदीश, अजबूराम, जगोतिन अश्वन, मंगोतिन, अहिल्या,, अक्तिन, सुकमा, जयन्ती बाई, पूनमकुमार नाबा, सुशीला, अनीता, रेखा , अजय कुमार, डिसरानी, मीनाक्षी, रामदास, रामचंद, हरीचंद अमित बाई, लीलाबाई, अमृतबाई, बीदोबाई, सन्तुराम, सनतकुमार, पिंकीबाई, ममता, रम्हला बाई, रामकुवंर, लीलाधर, अंजू, अनिका, मोनिका

अनावेदक पक्षकार -लीलाबाई, श्यामसिंग, सुकमा, सुशीला, अनीता, रेखा, देवी लाल धरमू सिंग, हरिला, जगदीश, अजबूराम, जगोतिन अश्वन, मंगोतिन, अहिल्या,, हीरोबाई, पूनमकुमार नाबा, रामदास, रामचंद, हरीचंद अमित बाई, अमृतबाई, बीदोबाई, रम्हला बाई, रामकुवंर,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अक्तिन पिता देवीलाल जाति गोंड कृषक ग्राम चिखलाकसा तहसील कुमरदा के द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम चिखलाकसा प.ह.नं. 24 तहसील कुमरदा स्थित कृषि भूमि में दर्ज खसरा नं 21/3, 30/2, 42/2, 43, 44, 81/2, रकबा क्रमशः 0.356, 0.195, 0.032, 0.081, 0.061, 0.057 है. 7 है. कुल ख0न0 06 कुल रकबा 0.782 हे. देवीलाल पिता तातुराम के शामिलात नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। आवेदिका के पिता देवीलाल पिता तातुराम की दिनांक 12/12/2008 को एवं सहखातेदार श्यामसिंग पिता तातूराम, अमितबाई पिता मानसिंग, जगोतिन पिता चैनसिंग की मृत्यु होने के फलस्वरूप उनका नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसों के नाम पर नामांतरण किए जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ बी.1 व मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति पेश किया गया है।

उक्त संबंध मे जिस किसी को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12/07/2024 के पूर्व स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

ईश्तहार मुल हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/06/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**कुमरदा**

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में नये भारत का सामवेद पुस्तक का विमोचन किसने किया?*
*2) कम्युनल अवार्ड किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया?*
*3) डेविस कप 2023 का खिताब हाल ही में किसने जीता?*
*4) भारत के लिए संविधान सभा की रचना हेतु संविधान सभा का विचार सर्वप्रथम किसने प्रस्तुत किया?*
*5) सियाचिन ग्लेशियर के ऑपरेशनल पोस्ट पर तैनात होने वाली पहली महिला मेडिकल ऑफिसर का नाम क्या है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद (2) रैम्जे मैकडोनाल्ड (3) इटली (4) स्वराज पार्टी ने 1924 में (5) फातिमा वसीम

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कौशल विकास पर जोर...

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में सत्र-2024-25 से राष्ट्रीय शिक्षानीति - 2020 लागू कर दिया गया है। राष्ट्रीय शिक्षानीति में विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास हेतु गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा कौशल विकास, मूल्यपरक तथा रोजगारोन्मुखी शिक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम को सम्मिलित किया गया है। शिक्षानीति बहुविषयक प्रणाली पर आधारित होगा जिसमें विद्यार्थी को अपनी इच्छानुसार दूसरे संकाय के विषय चुनने की स्वतंत्रता होगी।

विज्ञान संकाय के विद्यार्थी कला या वाणिज्य संकाय के किसी एक विषय को जेनरिक इलेक्टिव के रूप में अध्ययन कर सकेंगे। इसी प्रकार संकाय के विद्यार्थी विज्ञान या वाणिज्य संकाय के विषय का जेनरिक इलेक्टिव रूप में अध्ययन कर सकते हैं। इस नीति में स्नातक तीन या चार वर्षीय बहुविषयक स्नातक पाठ्यक्रम होगा जो कि क्रेडिट सिस्टम आधारित होगा जिसमें पाठ्यक्रम की अवधि में बहुप्रवेश एवं बहुनिकास का प्रावधान होगा।इसके अन्तर्गत प्रथम वर्ष पूर्ण करने के पश्चात् यदि कोई विद्यार्थी किसी कारणवश अपनी पढ़ाई छोड़ देता है तो उसे सर्टिफिक्रेट, दो वर्ष में पढ़ाई छोड़ने पर डिप्लोमा, तीन वर्ष के पश्चात् पढ़ाई छोड़ने पर डिग्री तथा चार वर्ष पूर्ण करने पर ऑनर्स की डिग्री प्रदान की जाएगी। जिन विद्यार्थियों सीजीपीए 7.5 से अधिक होगा उन्हें ऑनर्स के साथ रिसर्च की डिग्री प्रदान की जाएगी। ऑनर्स रिसर्च की डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थी सीधे पीएचडी कोर्स में प्रवेश ले सकता हैं तथ नेट/सेट की परीक्षा में बैठने की पात्रता होगी। इस शिक्षानीति में विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम सतत् मूल्याकंन के आधार पर आधारित होगा, जिसमें 30 प्रतिशत सतत् आंतरिक मूल्याकन एवं 70 प्रतिशत अंक अंतिम सेमेस्टर परीक्षा पर आधारित होंगे। सतत् मूल्याकंन तथा अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में अंको के जोड़ने के पश्चात् 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर विद्यार्थी को परीक्षा उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम पूर्णतः सेमेस्टर परीक्षा पर आधारित होगा। प्रत्येक सेमेस्टर की अवधि 90 दिवस या 15 सप्ताह का होगा इस प्रकार 4 वर्ष की अवधि में कुल 8 सेमेस्टर होंगे। प्रत्येक सेमेस्टर पाठ्यक्रम में कुल 6 प्रकार के कोर्स की पढ़ाई होगी, 3 कोर कोर्स, एक जेनरिक इलेक्टिव कोर्स, एक मूल्य वर्धित तथा एक भाषा या पर्यावरण पर आधारित कोर्स होगा। प्रत्येक सेमेस्टर में 20 क्रेडिट के कोर्स होंगे जिसमें 3 कोर कोर्स तथा एक जेनरिक इलेक्टिव में से प्रत्येक 4 क्रेडिट का होगा तथा मूल्यवर्धित कोर्स , कौशल विकास पाठ्यक्रम तथा भाषा आधारित पाठ्यक्रम प्रत्येक 2 क्रेडिट का होगा। प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के पश्चात तृतीय सेमेस्टर में प्रमोशन हेतु कुल 40 क्रेडिट में से कम से कम 50 प्रतिशत क्रेडिट स्कोर प्राप्त करना आवश्यक है। 50 प्रतिशत क्रेडिट स्कोर अर्जित नहीं कर पाने की स्थिति में विद्यार्थी को तृतीय सेमेस्टर में डिटेन कर दिया जाएगा अर्थात वह विद्यार्थी तृतीय सेमेस्टर मे प्रवेश नहीं पा सकता। विद्यार्थी को 4 वर्षीय कोर्स को कुल 7 वर्ष की अवधि में पूर्ण करना होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए उच्चशिक्षा विभाग द्वारा राज्य के सभी शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों का प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों एवं पाठ्यक्रम को समझाने के लिए प्रत्येक जिले में मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है। इस तारतम्य में राजनांदगांव जिले के मास्टर टेञनर द्वारा जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के नेतृत्व में विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में मास्टर टेञनर द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 से 6 जुलाई 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। दिनांक 05-07-2024 को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू किया जा रहा है। इस शिक्षानीति के पाठ्यक्रम से विद्यार्थियों का सर्वागीण विकास होगा। जिसमें विद्यार्थी मूल्यपरक, रोजगारमूलक तथा कौशल युक्त होकर समाज एंव राष्ट्र के लिए उपयोगी होगा। मास्टर टेञनर डॉ. हेमन्त साव द्वारा इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न बिन्दुओं को पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक समझाया तथा प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों के प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय शिक्षानीति-2020 को राजनांदगांव जिले में सफलतापूर्वक लागू करने के लिए जिले के मास्टर टेञनर डॉ. ओपी गुप्ता, डॉ. हेमन्त साव , डॉ एन. एन. माखीजा, डॉ. चेतन साहू,डॉ आर. आर. कोचे विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में जाकर इसके महत्व एवं उपयोगिता समझाकर एनईपी-2020 क्रियान्वयन करने के लिए पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दे रहे है। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के एन ई पी क्रियान्वयन प्रकोष्ठ एवं स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें परीक्षा नियंत्रक डॉ. के. एल. दामले, डॉ कविता साकुरे, कुं. मंजरी सिंह, डॉ ललित प्रधान एवं डॉ. अश्वनी शर्मा तथा इस प्रशिक्षण में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक सहायक प्राध्यापक एवं कर्मचारी प्रशिक्षण में उपस्थित होकर राष्ट्रीय शिक्षानीति के विभिन्न पहलुओं जैसे-पाठ्यक्रम, परीक्षा सत्त आंतरिक मूल्याकंन क्रेडिट सिस्टम प्रमोशन नियम इत्यादि के विषय मे अवगत हुए।



## छत्तीसगढ़ कायस्थ महासभा ने सौजन्य मुलाकात की

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** विदित हो कि छत्तीसगढ़ कायस्थ महासभा (1990-1999) राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद जिला इकाई



राजनांदगाँव ने स्थानीय सृष्टि-कालोनी निवासी समाज के वरिय सदस्य श्री इंद्रविलास श्रीवास्तवजी से आज रविवार, 30 जून को सौजन्य मुलाकात की। गत कुछेक माहों से स्नायुतंत्र संबंधी रोग से पीड़ित श्री इंद्र विलास श्रीवास्तवजी के द्वारा नागपुर महाराष्ट्र में भी उपचार लिया जा रहा है। महासभा के सर्वश्री आनन्दकुमार श्रीवास्तव, रविन्द्र श्रीवास्तव (मुन्नू भैया), प्रतीक श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, (नवीन मोबाईल), कर्णकांत श्रीवास्तव, प्रभाकर श्रीवास्तव, सन्नी श्रीवास्तव आदि सदस्यों ने उनके निवास-स्थान पर पहुँचकर मुलाकात करते हुए उनसे कुशलक्षेम की जानकारी ली व पुष्पगुच्छ (बुके) भेंट कर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की व सौजन्य मुलाकात किया।

## जिले के स्काउट-गाइड रोवर रेंजर्स कुल्लू-मनाली में आयोजित शिविर में हुए शामिल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन वित्तीय सहयोग से राज्य स्तरीय पर्वतारोहण आपदा प्रबंधन व्यक्तित्व विकास साहसिक गतिविधि शिविर का आयोजन हिमाचल प्रदेश के कुल्लू-मनाली में किया गया। इस शिविर में राजनांदगांव जिले के 10 स्काउट गाइड रोवर रेंजर एवं 2 प्रभारी कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरगी, पदुमतरा, हरदुवा, खुज्जी, धौराभाठा, डोंगरी एवं रामाटोला के स्काउट-गाइड रोवर रेंजर मयंक गन्धर्व, खोमेश, समीर वर्मा, योगेश्वरी यादव, रूपेश्वरी पटेल, अनन्या देवांगन, नीरा साहू, सिमरन देशमुख, नेहा भंडारी, प्रतिभा खुटेल सहित प्रभारी श्री नीलकंठ धुर्वे एवं श्रीमती सरिता साहू शामिल हुए। इस दौरान जिले के स्काउट-गाइड रेंजर्स ने नेशनल हेडक्वार्टर लक्ष्मी मजूमदार भवन, पारसा वाटर फॉल्स, 5000 वर्ष प्राचीन पांडवों द्वारा अज्ञातवास के दौरान निर्मित गायत्री मंदिर, प्राचीन हिडीम्बा मंदिर, वीर घटोत्कच मंदिर सहित अन्य स्थलों का भ्रमण कराया गया। एक्टीविटी व्यास नदी पर जिपलाइन, वेलिक्रॉसिंग, स्ट्रिम क्रॉसिंग का अभ्यास कराया गया। स्काउट-गाइड रेंजर्स ने रोहतांग में बर्फ पर चलना, ट्रेकिंग करना, स्नो फॉल, आईस स्लीपिंग, बर्फ का जमना, पिघलना का भी अनुभव किए। इसके अलावा भारत का 9 किलोमीटर लंबा अटल टनल का क्रासिंग कर अवलोकन किया। आर्चरी, रायफल शूटिंग का भी अभ्यास करवाया गया।

# क्षेत्रीय मुद्रणालय के वरिष्ठ कर्मचारी कमल कुलदीप के द्वारा भावभीनी बिदाई दी गयी



**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय के वरिष्ठ कर्मचारी कमल कुलदीप के द्वारा अपनी अधिवार्षिकी सेवा पूर्ण करते हुए शासकीय सेवा से मुक्त होने के अवसर पर उन्हें भावभीनी बिदाई दी गयी।

उक्ताशय की जानकारी प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला सचिव तथा विभागीय उप समिति के जिला संयोजक श्री आनन्दकुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगाँव के माननीय सहायक संचालक श्री नकुल ध्रुव जी के प्रमुख आतिथ्य में मुद्रणालय के समस्त कर्मचारी साथियों ने बिदाई कार्यक्रम का आयोजन करते हुए अपने वरिय साथी श्री कमल कुलदीप को स्नेहिल बिदाई दी। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि माननीय श्री नकुल ध्रुव (सहायक संचालक) ने प्रेरक उद्बोधन देते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारी के सुखी, यशस्वी दीर्घायु जीवन की कामना की। इसके साथ ही यात्री बैग, स्टील का पानी का ड्रम, दीवाल-घड़ी, मोमेंटो (स्मृति-चिह्न), अभिनन्दन-पत्र, व विभिन्न उपहारों सहित माननीय सहायक संचालक श्री नकुल ध्रुव जी की ओर से व्यक्तश: भेंट भी उपहार-स्वरूप प्रदान किए गये। अंत में स्वल्पाहार की व्यवस्था की गयी थी। इस अवसर पर कमल यादव, राबिन्सन, राकेश अहिरवार, जेम्स ओलीवर मिंज, शलेंद्र खोब्रागढ़े, देवेंद्र राव, मदन लाल कोल, राकेश श्रीवास्तव, तुवेंद चौहान, रवि साहू, राहुल खैरवार, अनुसूईया चंदेल, आशा सावरकर, गजानंद देवांगन, सुरेश कुलदीप, विजय देवांगन, हरीराम साहू, यशवंत टोप्पो, शेख अमीर, मेहतरू कोसले, राकेश यादव, आदि कर्मचारी साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आनन्दकुमार श्रीवास्तव (जिला सचिव व जिला संयोजक, संघ), ने कार्यक्रम की सफलता के लिए समस्त कर्मचारी साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप राजपूत व अन्य 2 के खिलाफ की गई एक तरफा कार्यवाही के विरोध में बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप राजपूत व अन्य 2 के खिलाफकी गई एकतरफा कार्यवाही के विरोध में



बजरंग दल की खैरागढ़ इकाई ने पुलिस थाना पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। बजरंग दल के प्रखंड संयोजक शिशिर मिश्रा व विहिप शहर अध्यक्ष शुभम सिंह ठाकुर की अगुवाई में पहुंचकर बजरंगियों ने बिना जाँच के एक तरफा की गई कार्यवाही को रद्द करने और दोषी आरक्षक के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध करने की मांग की। शिशिर ने कहा कि मामले में थाने में ही आपसी राजीनामा 30 जून को हो चुका था। उसके बाद 1 जुलाई को जबरदस्ती एफआई.आर करवाया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान दल के विहिप प्रखंड सह अध्यक्ष सुभाष राजपूत, शहर संयोजक शिवम ताम्रकार, विक्की वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

**उपमुख्यमंत्री से भी की गई शिकायत**

मामले की शिकायत प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से भी की गई है। उपमुख्यमंत्री निवास जाकर बजरंगियों ने शिकायत प्रदान किया।

# फसल बीमा के संबंध में कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने फसल बीमा के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को फसल क्षति होने पर उन्हें अनिवार्य रूप से सफल बीमा का लाभ मिले। उन्होंने जिले के सभी पात्र किसानो से फसल बीमा का लाभ लेने के लिए अपील की है। इस वर्ष नवगठित जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी में फसल बीमा के लिए बीमा कम्पनी बजाज जनरल इन्शोरेंस कम्पनी लिमिटेड को अनुबंध किया गया है। प्राप्त जानकारी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ फसलों के लिये बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 नियत की गई है। जिले के लिए खरीफ मौसम में धान सिंचित व असिंचित, मक्का, उड़द, कोदो, कुटकी, रागी, तुअर फसल को अधिसूचित किया गया है। धान एवं मक्का फसल के लिये ग्राम को इकाई क्षेत्र लिया गया है तथा कोदो,



तुअर (अरहर), रागी, कुटकी, उड़द फसल के राजस्वनिरीक्षक मण्डल क्षेत्र को इकाई माना गया है। बीमांकित राशि धान सिंचित के लिये 480 रूपये तथा धान असिंचित के लिये 360 रूपये प्रति एकड है। किसानों के लिये प्रीमियम राशि 2 प्रतिशत् है। इसी प्रकार मक्का फसल के लिए 360 रूपये उड़द के लिए 216 रूपये, कोदो के लिए 64 रूपये, कुटकी के लिए 68 रूपये, रागी के लिए 120 रूपये, तुअर (अरहर) के लिए 304 रूपये प्रति एकड़ बीमांकित राशि निर्धारित की गई है। इस प्रकार अऋणी किसान द्वारा वाणिज्यिक बैंको, सहकारी बैंको, पोस्ट ऑफिस, ग्राहक सेवा केन्द्र एवं बीमा अभिकर्ता के माध्यम से फसल बीमा कराया जा सकता है। ऋणी किसानों द्वारा संबधित बैंकों के माध्यम से फसल बीमा कराया जा सकता है। फसल बीमा कराने हेतु आवश्यक दस्तावेज यथा आधारकार्ड, बैंकपासबुक, ऋण पुस्तिका, बी-1 बोनाी प्रमाण पत्र घोषण पत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत करना होगा। गतवर्ष 2023 खरीफ फसल में जिले के 35980 कृषकों द्वारा फसल बीमा कराया गया था। जिसमें 3185 कृषकों को राशि 4,09,31,486 रूपये की क्षतिपूर्ति (दावा) भुगतान किया गया। इसी प्रकार रबी मौसम वर्ष 2023-24 में कुल 3424 कृषकों द्वारा फसल बीम कराया गया, जिसके फलस्वरूप 197 कृषकों को 18,87,022 रूपये दावा भुगतान किया गया है। बैठक में कृषि अधिकारी श्री जे.एल मंडावी, डिप्टी कलेक्टर श्री अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# मोहिनी बन अमृत पान कराने से लेकर भस्मासुर को नाच नचाने तक, भगवान विष्णु ने किए ये 5 छल

भगवान विष्णु ने कई ऐसे छल किए हैं जिनके पीछे एक खास कारण मिलता है। उनके द्वारा किए गए ये छल देवताओं के लिए फायदेमंद साबित हुए। इसमें से एक प्रसंग ऐसा भी है जिसमें विष्णु के छल द्वारा शिव जी के प्राण बच गए। आज हम आपको भगवान विष्णु द्वारा किए गए ऐसे 5 छलों के बारे में बताने जा रहे हैं। भगवान विष्णु त्रिदेव यानी ब्रह्मा, विष्णु और महेश (भगवान शिव) में से एक हैं। साथ ही भगवान विष्णु जगत के पालनहार भी कहलाते हैं। धर्म की स्थापना और जन समाज के कल्याण के लिए उन्होंने कई अवतार लिए। इस दौरान उन्हें कई प्रकार के छल भी करने पड़े, जो दूसरों की भलाई के लिए जरूरी थे। एक बार भस्मासुर ने भगवान शिव की कठोर तपस्या की थी। इससे भगवान शिव प्रसन्न हुए और उसे वरदान मांगने के लिए कहा। इस पर भस्मासुर ने यह वरदान मांग कि मैं जिस पर भी हाथ रखूं, वह उसी समय भस्म हो जाए। भगवान शिव ने भस्मासुर को यही वरदान दे दिया। इसके बाद भस्मासुर भगवान शिव को भस्म करने के लिए उनके पीछे दौड़




पड़ा। तब प्रभु श्री हरि विष्णु ने उनकी रक्षा के लिए मोहिनी अवतार लिया। उनका यह रूप देखकर भस्मासुर उनपर मोहित हो गया। जब मोहिनी नृत्य करने लगी तो भस्मासुर भी उसकी नकल करने लगा। जैसे ही मोहिनी ने अपने सिर पर हाथ रखा, उसी तरह भस्मासुर ने भी अपने सिर पर हाथ रख दिया, जिससे वह भस्म हो गया। इस तरह विष्णु जी के छल के द्वारा भगवान शिव के प्राणों की रक्षा हुई। जब दैत्यों और देवताओं के बीच समुद्र मंथन हुआ तो उसमें अमृत भी निकला। अमृत पान करने के लिए देव-दानवों में झगड़ा होने लगा। इस स्थिति में भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण किया और छल से दानवों को छोड़कर देवताओं को अमृत पिला दिया। उनके इसी छल के कारण देवता अमर हो गए। एक बार नारद जी के मन में विश्वमोहिनी के स्वयंवर में भाग लेने की इच्छा जागी। तब उन्होंने भगवान विष्णु से कहा कि मुझे अपने जैसा ही सुंदर और आकर्षक बना दिजिए। तब भगवान विष्णु ने नारद जी की वानर बना दिया। यह बात नारद जी नहीं जानते थे और वह उसी रूप में स्वयंवर में चले गए। तब विश्वमोहिनी ने नारद की जगह भगवान विष्णु के गले में वरमाला डाल दी। इस बात पर नारद अति क्रोधित हुए और उन्होंने विष्णु जी को स्त्री वियोग का श्राप दे दिया।

जालंधर नाम के एक राक्षस की पत्नी वृंदा एक पतिव्रता नारी थी। उस राक्षस ने अपना आतंक से तीनों लोकों में फैलाया हुआ था। वृंदा के धर्म के चलते ही उसने एक बाद युद्ध में भगवान शिव को भी पराजित कर दिया था। तब भगवान विष्णु ने जलंधर का रूप धारण कर किया, जिससे वृंदा उनके करीब आई और उसका सतीत्व भंग हो गया। तब जाकर जालंधर को युद्ध में हराया गया।राक्षसों का राजा बलि भगवान विष्णु का परम भक्त था। वह बड़ा दानी और सत्यवादी राजा था। उसने अपने पराक्रम से तीनों लोकों को अपने अधीन कर लिया था। तब देवताओं की विनती सुनकर भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और राजा बलि से तीन पग पृथ्वी मांगी। इसके बाद भगवान ने विराट रूप धारण कर पग से तीनों लोगों को नाप लिया। इसके बाद उन्होंने राजा बलि को पाताल लोक में भेज दिया।

## विवाह में बार-बार आ रही हैं बाधाएं, तो आषाढ़ गुप्त नवरात्र पर करें हल्दी के ये उपाय

आसाढ़ मास के गुप्त नवरात्र को बेहद शुभ माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि जो साधक इस दौरान कठिन उपवास का पालन करते हैं मां दुर्गा उनकी सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करती हैं। इसके साथ ही शुभ फलों की प्राप्ति होती है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल आषाढ़ गुप्त नवरात्र की शुरुआत 6 जुलाई 2024 दिन शनिवार को होगी।




हिंदू धर्म में गुप्त नवरात्र का त्योहार बेहद विशेष माना जाता है। इस दिन देवी भक्त मां दुर्गा की 10 महाविद्याओं की विधि अनुसार पूजा करते हैं। जल्द ही आसाढ़ मास के गुप्त नवरात्र की शुरुआत होने वाली है। ऐसा माना जाता है कि जो जातक इस दौरान कठिन व्रत का पालन करते हैं, उन्हें जीवन की हर बाधाओं से छुटकारा मिलता है। इसके साथ ही व्यक्ति को अक्षय फलों की प्राप्ति होती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ मास के गुप्त नवरात्र की शुरुआत 6 जुलाई, 2024 दिन शनिवार को होगी। वहीं, इसका समापन 15 जुलाई, 2024 दिन सोमवार को होगा। इसके साथ ही कलश की स्थापना 06 जुलाई सुबह 05 बजकर 11 मिनट से लेकर 07 बजकर 26 मिनट पर करना अच्छा होगा। अगर आपके विवाह में देरी हो रही है, तो आपको आषाढ़ गुप्त नवरात्र के पूरे नौ दिनों तक पानी में हल्दी मिलाकर स्नान करना चाहिए। इसके साथ ही देवी से मनचाहे वर की प्रार्थना करनी चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस उपाय को करने से आपको सुयोग्य वर की प्राप्ति होगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जो लोग जल्द विवाह की कामना रखते हैं, उन्हें आषाढ़ नवरात्र के दौरान अपने माथे और नाभि पर हल्दी का तिलक लगाना चाहिए। हल्दी को शुभता का प्रतीक माना जाता है। कहा जाता है कि इस उपाय को करने से जीवन में सकारात्मकता आती है। साथ ही मनचाहे वर की प्राप्ति होती है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल, टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# बच्चों के मन में स्कूल जाने एवं पढ़ाई के प्रति बना रहे खुशी और उल्लास- संतोष पाण्डेय

## सांसद संतोष पाण्डेय ने नव प्रवेशी बच्चों को स्कूल बैग, नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक सेट एवं गणवेश वितरण कर किया सम्मानित









**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सांसद श्री संतोष पाण्डेय आज डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कार्यक्रम में नव प्रवेशी बच्चों का स्कूल बैग, नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक सेट एवं गणवेश वितरण कर सम्मानित किया। इसके साथ ही छात्राओं को नि:शुल्क सायकल वितरण किया। कार्यक्रम में प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया। एकल शिक्षकीय शालाओं में संपर्क डिवाईस का वितरण, समर कैम्प में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता बघेल, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्री सचिन बघेल, पूर्व अध्यक्ष 20 सूत्रीय क्रियान्वयन समिति श्री खूबचंद पारख, श्री भरत वर्मा, श्री रमेश पटेल, श्री किशुन यदु, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित थे।

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि शासन द्वारा बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए सुविधाएं दी जा रही है, ताकि कोई भी बच्चा ड्राप आउट नहीं हो और उनके पढ़ाई की निरंतरता बानी रहे। उन्होंने कहा कि बच्चे को पहली बार स्कूल भेजते समय पूरा परिवार खुश और उत्साहित रहता है। उसे प्रेरित करते हुए स्कूल भेजते हैं। बच्चे हंसी- खुशी से स्कूल जाते हैं, तो मन में एक उल्लास रहता है। आज शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर बच्चों के स्वागत के लिए सभी लोगों आए हैं, ताकि उनके मन का संकोच दूर हो सके और वे मन लगा कर पढ़ाई कर सकें। उन्होंने सभी का प्रवेश उत्सव में हृदय से स्वागत और अभिनंदन किया। शासन द्वारा शिक्षा को सरल और रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए नई शिक्षा नीति लाई गई है। शासन द्वारा नव प्रवेशी बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए सभी प्रकार की व्यवस्था की जा रही है। जिले में कुपोषण दूर करने के लिए बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। हमारा जिला शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बने इसके लिए हमें मिलकर कार्य करना है और प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में प्रथम रहे इसके लिए कार्य



करना है। उन्होंने शाला प्रवेश उत्सव पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि एक बहुत अच्छी पंक्ति है विद्या, कला, कौशल्य में सबका अटल अनुराग हो.. हमने अपनी शिक्षा के माध्यम से, अपने ज्ञान और विज्ञान से वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लेने का प्रण लिया है, हम उसमें सार्थक होंगे तथा अपने सपनों को साकार करेंगे। हमारा देश आजादी के 100 साल पूरा करने वाला है, बहुत से सपनों को आने वाले समय में हमें पूरा करना है और देश को विश्व में अग्रणी बनाने में अपनी भूमिका निभाना है।अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता साहू ने कहा कि आज नये क्लास और नये रूपरेखा में बच्चे आगे बढ़ रहे हैं। यहां से समझ, आत्मविश्वास, मजबूती जो आपके जीवन में चलने वाली सभी गतिविधियां शिक्षा से ही आएगी। उन्होंने कहा कि अनुशासन में रहना चाहिए। अनुशासन ही एक-दूसरे का सम्मान कराना सिखाता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि पढ़ाई को बोझ न समझे इसे कार्य और कर्तव्य समझ कर करें, क्योंकि ये समय आपको एक सांचे में ढालने का समय है। जिस तरह कच्ची मिट्टी को ढालने का काम एक कुम्हार करता है, उसी प्रकार छोटे बच्चों को ढालने का कार्य हमारे शिक्षकगण करते है। शासन एवं प्रशासन अच्छी शिक्षा व्यवस्था के लिए कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता बघेल, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्री सचिन बघेल ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित दिया। उन्होंने शाला प्रवेश उत्सव पर बच्चों एवं शिक्षकों को बधाई एवं शुभाकामनाएं दी।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि उत्सव में मन बहुत प्रफुल्लित होता है। स्कूल परिसर को बेहतर करने, गुणवत्तायुक्त पढ़ाई और परिवेश बहुत अच्छा रहे एवं खुशनुमा रहे इस पर सभी को ध्यान देते हुए कार्य करना है, ताकि हमारे नन्हे बच्चे बेहतर तरीके अपना अध्ययन का कार्य कर सके। शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन इसी उद्देश्य के साथ किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिले में सभी शासकीय प्राथमिक स्कूलों में स्मार्ट टीवी है, जहां संपर्क डिवाईस के माध्यम से पढ़ाई कराई जा रही है। इससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति रूचि बढ़ी है और बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ी है। यह डिवाईस आडियो और वीडियो के माध्यम से संचालित किया जाता है। बच्चे प्रारंभिक शिक्षा को अच्छे से सीख रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत शासन द्वारा 15 वर्ष से अधिक उम्र वाले बच्चे जो शिक्षा से वंचित हो गए है, उनको शिक्षा देने के लिए उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। जिससे शिक्षा से वंचित बच्चों को साक्षर किया जाएगा। कलेक्टर ने शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर सभी नव प्रवेशी बच्चों एवं शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्री अभिषेक गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल, जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह, सहायक संचालक श्री आदित्य खरे, जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्यौहारे, शिक्षक, अभिभावक सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## घर-घर कचरा संग्रहण के साथ ग्राम को ओडीएफ मॉडल ग्राम बनाने मास्टर ट्रेनर तैयार

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के नेतृत्व में जिले के सभी ग्रामों को स्वच्छ रखने के साथ ही ओडीएफ



प्लस मॉडल बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में जनपद पंचायत डोंगरगांव एवं छुरिया अंतर्गत सभी ग्राम को ओडीएफमॉडल ग्राम बनाने के लिए सचिवों एवं स्वच्छग्राही समूह की दीदीयों को ग्राम स्तर पर मास्टर ट्रेनर बनाए जाने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण में सचिवों एवं स्वच्छग्राही समूह की दीदीयों को ग्राम को ओडीएफप्लस मॉडल के बनाने, ओडीएफस्थायित्व बनाए रखने तथा सभी घरों में क्रियाशील व्यक्तिगत शौचालय को बनाए रखने, तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत सूखा कचरा और गीला कचरा को पहचानकर अलग-अलग रखने के साथ ही घर-घर से सूखा कचरा संग्रहण करने के बाद उसके सुरक्षित निपटान के बारे में बताया गया। जनपद सीईओ नवीन कुमार एवं श्रीमती शिल्पा देवांगन ने सभी सचिवों को लक्ष्य अनुरूप ग्रामों को ओडीएफप्लस मॉडल बनाने निर्देशित किया। राज्य सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण सुश्री मधुरिमा मसीह द्वारा प्रशिक्षण में ग्राम स्तर पर प्लास्टिक प्रतिबंध के साथ-साथ ग्राम को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए रखने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन श्री छोटे लाल साहू, यूनिसेफ रायपुर से श्री बसंत मारकंडे व श्री प्रेम कुमार, वॉटर एड इंडिया के श्री भूपेश साहू, ब्लॉक समन्वयक श्री बैद्यनाथ वर्मा एवं श्री नंदकिशोर साहू द्वारा विषयवार प्रशिक्षण दिया गया।

## सम्मानीय पेंशनर्स साथियों के लिए आवश्यक सूचना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रांताध्यक्ष पेशनर्स एसोसिएशन छ.ग.प्रदेश के चुनाव हेतु पूर्व में जारी निर्देश में संशोधन किया जाता है। प्रत्येक सदस्य मतदाता बनने हेतु 200/-रू देना नहीं है। सभी आजीवन सदस्य प्रांताध्यक्ष के चुनाव हेतु मतदाता होगें सिर्फ जिला-तहसील एवं नगर संगठन सहयोग राशि जमा करेगें। अत: संगठन के अध्यक्षगण कृपया मतदाता सूची तैयार कर प्रांतीय कोषाध्क्ष श्री एस.के. सिंह के पास जमा कर रसीद प्राप्त करें। दिनांक 08/07/2024 दिन सोमवार की बैठक में चुनाव तिथि एवं कार्यक्रम घोषित किये जायेगें। समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार को भी तद्नुसार संशोधित समझें आदेशानुसार प्रांताध्यक्ष । यह जानकारी नगर अध्यक्ष बी.टी. वाल्दे द्वारा दी गई।

## वृक्षारोपण वर्तमान परिदृश्य में अतिआवश्यक है : मधुसूदन यादव





### मुदलियार कॉलोनी में किया गया वृक्षारोपण

**राजनांदगॉव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के मुदलियार कॉलोनी में वार्डवासियों द्वारा वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन मुदलियार कॉलोनी के नवनिर्मित उद्यान में प्रात:काल में किया गया, जिसमें वार्डवासियों सहित नौनिहालों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। वृक्षारोपण का आयोजन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकर्ता संतोष मेश्राम एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी मंयक मेश्राम की अगुवाई में गणमान्य नागरिकगण मनोज सिन्हा, अमन यादव, अनिल शर्मा, ईश्वर लाल राठौर, तारम सिंह ठाकुर, अभिलेख मिश्रा, के.एल.साहू, महिला मोर्चा के सदस्यगण सहित अन्य वार्डवासियों के उपस्थिति में किया गया। मधुसूदन यादव ने अपने करकमलों से नीम के पौधे का रोपण कर वृक्षारोपण का शुभारंभ किया जिसके पश्चात् वार्डवासियों द्वारा भी कई पौधों का रोपण उद्यान में किया गया। इस अवसर पर वार्डवासियों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद मधुसूदन ने वृक्षारोपण के लाभों को वर्णन करते हुए इसे ग्लोबल वार्मिन्ग से बचने, भूमि का भू-जल स्तर बनाये रखने के लिये और गर्मी से राहत के लिये वर्तमान परिदृश्य में अतिआवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और पौधों की देखरेख करने की भी नागरिकों से अपील की। वार्डवासियों के द्वारा वृक्षारोपण के लिये पौधे उपलब्ध कराने पर पूर्व सांसद मधुसूदन का आभार प्रदर्शित किया गया।

## आस्था मूक बधिर शाला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव की समाज सेवी संस्था आस्था मूक बधिर शाला जहाँ पर महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, और छत्तीसगढ़ के मूक बधिर बच्चे अपनी शिक्षा ले रहे हैं।जहाँ पर बच्चे के रहने, भोजन की व्यवस्था भी नि: शुल्क की जा रही है ऐसी समाज सेवी संस्था



आस्था मूक बधिर शाला का प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने बच्चों के शिक्षा को और सुचारू रूप से संचालित करने के दिशा निर्देश दिए। वहीं आस्था समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष महेंद्र जैन सुराना जी के द्वारा संस्था की सभी छोटी, बड़ी जरूरतों को पूर्ण करने के लिए अस्वसत कराया गया। शाला में उपस्थित सभी बच्चों को तिलक लगाकर भेंट स्वरूप स्कूल बैग ,कलर पेंसिल कंपोक्स बॉक्स दे कर शाला सत्र की नई शुरुआत की गई। सभी पदाधिकारियों ने बच्चों को आशीर्वाद दिया एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। शाला के इस गौरवशाली पल में आस्था मूक बधिर शाला के सचिव राजेश जैन , कमलेश बैद,ललित भंसाली, प्रकाश सांखला, अखिलेश सुराना,राकेश शर्मा,नलिन कोठारी,निकहत परवीन, संगीता अग्रवाल, शिव राठी, आदि उपस्थित थे।

## खबर का असर — कलेक्टर के निर्देश के बाद सुधरी बैगा आदिवासी छात्रों की शैक्षणिक व्यवस्था

# अब झोपड़ी में छप्पर के नीचे नहीं आँगनबाड़ी के पक्के भवन में पढ़ेंगे निज़ामडीह प्राथमिक शाला के वनवासी बच्चे

**1 जुलाई को प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी बैगा आदिवासी बच्चों की व्यथा**

---

**राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र का दर्जा प्राप्त बैगा आदिवासी समुदाय के बच्चे झोपड़ी में पढ़ने थे मजबूर**

---

**खबर प्रशासन के बाद कलेक्टर ने संज्ञान लेकर व्यवस्था सुधारने शिक्षा अधिकारियों को किया था निर्देशित**



खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। दुनियाँ में दौर जरूर पीत पत्रकारिता का है लेकिन जनहित में ईमानदार पत्रकारिता का माद्दा आज भी बरकरार है यहीं वजह है कि सत्य परक खबरें तमाम परेशानियों के बावजूद अपना असर छोड़ जाती हैं। ऐसे ही जनहित के एक मामले में खबर का असर हुआ हैं और, कलेक्टर के निर्देश के बाद बैगा आदिवासी छात्रों की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार हुआ हैं। बीते 2 जुलाई को हमारे लोकप्रिय न्यूज़ पोर्टल सत्यमेव न्यूज़ ने प्रमुखता से वनांचल में बसे ग्राम निज़ामडीह में बैगा आदिवासी बच्चों की व्यथा प्रकाशित की थी। दरअसल राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र का दर्जा प्राप्त बैगा आदिवासी समुदाय के बच्चे झोपड़ी में पढ़ने को मजबूर थे। प्रमुखता से खबर प्रशासन के बाद कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने संवेदनशीलता के साथ इस पूरे मामले को संज्ञान में लेकर व्यवस्था सुधारने शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया था। जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र डडसेना ने सुदूर वनवासी ग्राम निज़ामडीह पहुँचकर खबर की पुष्टि की और गांव के आदिवासी परिवार के एक छप्परनुमा झोपड़ी में संचालित हो रहे हैं प्राथमिक शाला को आंगनबाड़ी भवन में संचालित करने का निर्णय लिया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने बताया कि अब झोपड़ी में छप्पर के नीचे नहीं आँगनबाड़ी के पक्के भवन में निज़ामडीह प्राथमिक शाला के वनवासी बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। बीते दो दिन से प्राथमिक शाला निजामडीह का संचालन गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में दूसरे पाली में संचालित किया जा रहा है।

**दो साल से नहीं हो पाया जर्जर विद्यालय भवन का मरम्मत, इसलिए थी झोपड़ी में पढ़ने की मजबूरी**

विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति और भवन के जीर्णोद्धार नहीं होने के कारण बीते 2 साल से प्राथमिक शाला को गांव के ही एक आदिवासी परिवार की झोपड़ी में संचालित किया जा रहा था। खबर प्रकाशन के बाद जिला प्रशासन ने इस दिशा में जरूरी कदम उठाया है। बताया जा रहा है कि कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने विद्यालयों के जीर्णोद्धार के लिए सखूती दिखाई है और काम नहीं करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सीधे कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com